आकाशवाणी श्री विजयपुरम

03.07.2026 समय : 1905

1. सतावन दिनों तक चलने वाली श्री अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं से पांच संकल्प अपनाने का आह्वान किया।

2. मायाबंदर और डिगलीपुर में आठ नए स्कूबा डाइविंग स्थल चिह्नित होने से उत्तर और मध्य अंडमान में साहसिक पर्यटन को नया विस्तार मिलेगा।

3. अनधिकृत बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई– ए एन आई बी ए ने चेतावनी जारी की।

4. प्रातरापुर जंक”ान के पास मरम्मत कार्य के कारण कल कई क्षेत्रों में सात घंटे विजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री अमरनाथ जी यात्रा के तीर्थ यात्रियों को पत्र के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि अमरनाथ यात्रा देश की आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक एकता में एक शासवत् अध्याय है। प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान पांच संकल्प लेने का भी आग्रह किया है। इनमें पूरी यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखना, सभी सुरक्षा और प्रशासनिक दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करना, 'वोकल फॉर लोकल' पहल के तहत अपने यात्रा खर्च का कम से कम दस प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करके स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बढ़ावा देने के लिए रक्षाबंधन पर भाई–बहन को एक पौधा उपहार में देना, ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन और विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान देकर राष्ट्र प्रथम की भावना को आगे बढ़ाना शामिल है। अमरनाथ यात्रा आज से जम्मू कश्मीर के पहलगाम और बालटाल मार्गों से शुरू हो गई है। सतावन दिनों की इस तीर्थ यात्रा के दौरान श्रद्धालु पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन करेंगे।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने स्कूबा स्कूल इंटरनेशनल के सहयोग से मध्य अंडमान के मायाबंदर तथा उत्तर अंडमान के डिगलीपुर में स्कूबा डाइविंग के लिए आठ नए स्थलों की पहचान की है। यह पहल उत्तर एवं मध्य अंडमान को साहसिक जल पर्यटन के प्रमुख गंतव्य के रूप में विकसित करने की रणनीति का हिस्सा है। चिह्नित स्थलों में मायाबंदर के नॉर्थ ऑफ साउंड आइलैंड रॉक, मार्कर–077 और बोचांग, जबकि डिगलीपुर के हिरण टिकरी, लैंडफॉल ईस्ट, रॉस एंड स्मिथ का हाउस रीफ, पेजेट आइलैंड तथा लैंडफॉल साउथ शामिल हैं। इनमें अधिकांश स्थलों पर बोट डाइविंग तथा रॉस एंड स्मिथ में शोर डाइविंग की सुविधा उपलब्ध होगी। पर्यटन विभाग के अनुसार, इस पहल से उत्तर एवं मध्य अंडमान में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होगा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा पर्यटन कारोबार को नई गति मिलेगी। अब इन आठ नए स्थलों के जुड़ने से उत्तर एवं मध्य अंडमान में स्कूबा डाइविंग के कुल 12 अधिकृत स्थल हो गए हैं, जहां पर्यटक प्रवाल भित्तियों, समृद्ध समुद्री जैव विविधता और अनूठी जलमग्न दुनिया का रोमांचक अनुभव ले सकेंगे।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न विषयों में आवश्यकता के आधार पर रिसोर्स पर्सन/अतिथि संकाय के पैनल के गठन की प्रक्रिया शुरू की है। चयनित अभ्यर्थियों को आवश्यकता पड़ने पर विभिन्न विभागों में सेवाएं देने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा–निर्देशों के अनुरूप, यूजीसी द्वारा निर्धारित अधिकतम मासिक सीमा के अधीन मानदेय का भुगतान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट jnrm.and.nic.in से निर्धारित आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र 13 जुलाई तक जेएनआरएम के प्राचार्य कार्यालय में जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह बैडमिंटन एसोसिएशन ने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों और संबद्ध इकाइयों को एक बार फिर अनधिकृत बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भागीदारी को लेकर दिशा–निर्देश जारी किए हैं। एसोसिएशन ने द्वीपसमूह के सभी खिलाड़ियों से भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन और अंडमान निकोबार द्वीप समूह बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा समय–समय पर जारी नियमों, विनियमों एवं दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। ANIBA ने स्पष्ट किया है कि सक्षम बैडमिंटन प्राधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी भी अनधिकृत प्रतियोगिता या आयोजन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के विरुद्ध BAI और ANIBA के नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा ऐसे खिलाड़ियों को ANIBA द्वारा आयोजित राज्य एवं राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में भाग लेने के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। ANIBA के अनुसार ये निर्देश 1 जून से प्रभावी हैं।

<><><><><><>

विद्युत विभाग के अनुसार अंडमान लोक निर्माण विभागडी द्वारा प्राथरापुर जंक्शन के निकट क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत का कार्य किए जाने के कारण कल कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विभाग के अनुसार सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक, बिजली आपूर्ति निलंबित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में एकेटी मिनीप्लेक्स, बर्ड लाइन, महावीर नगर, कामराज नगर, बिडनाबाद, रंगाचांग, बर्मानाला, चिड़ियाटापू, गाराचरामा सब–स्टेशन क्षेत्र, जापान नाला, ऑस्टिनाबाद, प्राथरापुर, कार्बाइन्स कोव, ब्रिचगंज, ब्रुक्शाबाद तथा चक्करगांव के कुछ हिस्से शामिल हैं।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय ने वर्ष 2026–27 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग  एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों से प्री–मैट्रिक, पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति तथा ओबीसी छात्रों के लिए अतिरिक्त छात्रवृत्ति (यूटी) योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन प्रक्रिया राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर 1 जुलाई से शुरू हो चुकी है। सभी योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। पात्र विद्यार्थियों से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल scholarships.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते है।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के दो उभरते युवा शतरंज खिलाड़ियों एसीएम अग्रिमा सिंह और यशांक हजारा ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) की रेटिंग हासिल कर महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। दोनों खिलाड़ियों ने हाल ही में महाराष्ट्र में आयोजित फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया था। यह उपलब्धि न केवल दोनों खिलाड़ियों की प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि द्वीप समूह में शतरंज के बढ़ते स्तर को भी दर्शाती है। अंडमान एवं निकोबार शतरंज संघ ने दोनों खिलाड़ियों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी है।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार राज्य ओलंपिक संघ ने जुलाई माह के दौरान श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाली जिला एवं राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विभिन्न खेल संघों के सहयोग से आयोजित होने वाली इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों से निर्धारित तिथियों तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। जिला योग चौंपियनशिप 11 एवं 12 जुलाई को आयोजित होगी, जिसके लिए प्रविष्टियां 10 जुलाई तक स्वीकार की जाएंगी। दक्षिण अंडमान जिला तैराकी चौंपियनशिप भी 11 एवं 12 जुलाई को होगी तथा इसकी अंतिम तिथि 10 जुलाई है। दक्षिण अंडमान जिला एथलेटिक्स चौंपियनशिप 18 एवं 19 जुलाई को आयोजित होगी, जिसके लिए खिलाड़ी 16 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद राज्य एथलेटिक्स चौंपियनशिप 25 एवं 26 जुलाई को तथा राज्य तैराकी चौंपियनशिप भी 25 एवं 26 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इन दोनों प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 24 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक खिलाड़ियों को अपनी प्रविष्टियां गूगल फॉर्म के माध्यम से भेजनी होंगी। गूगल फॉर्म की लिंक एवं अन्य जानकारी के लिए संबंधित खेल संघों के नामित अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>